# मासिक घटनाक्रम संग्रह

## दिसम्बर 2019

अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस 2020

नई दिल्ली



NADA

ब्रांड एंबेसडर

HindvanshiEducation.com

- G-20 शिखर सम्मेलन 2020 का आयोजन सऊदी अरब की राजधानी रियाद में किया जाएगा।

  यह अरब देशों में आयोजित होने वाला पहला G20 शिखर सम्मेलन होगा।

- एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है।

  विश्व एड्स दिवस 2019 की थीम 'कम्युनिटीज मेक द डिफरेंस' (Communities Make the Difference) है।

- भारतीय लोक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी सोमा रॉय बर्मन ने देश के नये नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का पद भार ग्रहण किया।

  सोमा रॉय बर्मन ने देश के 24वें नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक के रूप में पदभार संभाला है।

- अमेरिका की संसद ने उइगर मानवाधिकार नीति विधेयक पारित किया है।

  इस विधेयक में अमेरिका द्वारा चीन में नजरबंद कर रखे गए 10,00,000 उइगर मुस्लिमों और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यकों तक संसाधनों को पहुंचाने का प्रस्ताव दिया गया है।

- प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को विश्वभर में विश्व विकलांगता दिवस मनाया जाता है।

  यह दिवस दिव्यागों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए मनाया जाता है।

- मॉरीशस में पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री पृथ्वीराज सिंह रूपन को राष्ट्रपति चुना गया।

- स्वीडन के राजा कार्ल XVI गुस्ताफ तथा रानी सिल्विया का पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आगमन हुआ।

- अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने रिकॉर्ड छठी बार बेलोन डिओर का पुरस्कार अपने नाम किया जबकि अमेरिका की दिग्गज मेगन रेपिनो सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर चुनी गई हैं।

  लियोनेल मेसी ने रोनाल्डो को पीछे छोड़ते हुए सबसे ज्यादा बार बेलोन डिओर का खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

  मेसी इस पुरस्कार को 6 बार जबकि रोनाल्डो इस पुरस्कार को 5 बार अपने नाम कर चुके हैं।

हिन्दवंशी



- विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2019 जारी की गई है।

  रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मलेरिया के मामलों में वर्ष 2017 से 2018 के बीच 28 फीसदी की कमी आई है।

- प्रियंका चोपड़ा को यूनिसेफ की ओर से 'डैनी काये ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।

- सुपर 30 के संचालक आनंद कुमार न्यूयॉर्क में गणतंत्र दिवस 2020 के पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

  अमेरिका में फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन द्वारा 2020 में अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

- केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम पुरस्कार दिया गया।

  सुगम्य भारत अभियान के क्रियान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

  विभाग की वेबसाइट को सर्वोत्तम दिव्यांग हितैषी वेबसाइट और सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए वाराणसी को सर्वोत्तम जिले का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में निर्मित तटरक्षक जहाज 'कामयाब' को उपहार के तौर पर मालदीव को प्रदान किया।

  भारत सरकार द्वारा उपहार में दिया गया यह गश्ती जहाज 'कामयाब' समुद्री सीमाओं की रक्षा करने और हिंद महासागर क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की तुरंत सूचना प्रदान करेगा।

  इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मालदीव में रुपे कार्ड को लॉन्च किया, राजधानी माले में एलईडी लाइट्स लगवाया तथा मछली प्रसंस्करण संयंत्रों को लॉन्च किया।

- हर साल 5 दिसंबर को दुनिया भर में विश्व मृदा दिवस (World Soil Day) मनाया जाता है।

  विश्व मृदा दिवस 2019 की थीम "मृदा कटाव रोकें, हमारा भविष्य संवारें" है।

- भारत और चीन के बीच संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत आतंकवाद का मुकाबला करने वाली थीम पर मेघालय के उमरोई में 8वें संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास 'हैंड-इन-हैंड 2019' का आयोजन किया जाएगा।

हिन्दवंशी

- मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन देश का पहला 'ईट राइट स्टेशन' है, जिसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने प्रमाणित किया है।

  भारतीय रेलवे ने यात्रियों को स्वस्थ एवं सही आहार उपलब्ध कराने के लिए 'ईट राइट स्टेशन' अभियान शुरू किया, जो FSSAI द्वारा वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'ईट राइट इंडिया' अभियान का एक हिस्सा है।

- भारत की युवा निशानेबाज एलावेनिल वालारिवान को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (ISSF) ने 2019 में 10 मीटर एयर राइफल महिला स्पर्धा में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें गोल्डन टारगेट अवॉर्ड से नवाजा है।

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा 'मानव विकास सूचकांक 2019' जारी किया गया।

  इस सूचकांक में भारत ने पिछले वर्ष के 130वें स्थान की तुलना में एक पायदान का सुधार करते हुए 129वां स्थान हासिल किया है।

- सुनील शेट्टी को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (NADA) का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।

- फिनलैंड की सोशल डेमोक्रेट पार्टी ने प्रधानमंत्री पद के लिए 34 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री सना मरीन को चुना।

  इसके साथ ही 34 वर्षीय सना मारिन दुनिया की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गईं हैं।

- नेपाल में आयोजित 13वें दक्षिण एशियाई खेलों में भारत ने 312 पदक हासिल किया, जिसमें 174 स्वर्ण, 93 रजत और 45 कांस्य पदक रहे।

  भारत ने गुवाहाटी और शिलांग (2016) में हुए पिछले खेलों में 189 स्वर्ण सहित कुल 309 पदक जीते थे।

  मेजबान नेपाल 206 पदकों के साथ दूसरे और श्रीलंका 251 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

- संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के बीच आयरन यूनियन-12 नामक युद्धाभ्यास आयोजित हुआ।

  आयरन यूनियन-12 युद्धाभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए निपुणता विकसित करना है।

- लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

हिन्दवंशी

10 दिसम्बर 1948 को सर्वराष्ट्रीय मानव अधिकार घोषणापत्र संयुक्त राष्ट्र महासभा में निर्विरोध स्वीकार किया गया था जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष 10 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है।

इस साल के मानवाधिकार दिवस की थीम 'स्टैंड अप फॉर ह्यूमन राइट्स' (Stand Up For Human Rights) है।

- वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी (WADA) ने रूस पर डोपिंग के आरोप में 4 साल का बैन लगा दिया है।

  यह फैसला रूस की डोपिंग रोधी एजेंसी (रुसाडा) की प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान किए गए डाटा को अयोग्य करार दिए जाने के बाद लिया गया है।

  इस फैसले के बाद से रूस का झंडा और राष्ट्रगान किसी भी बड़े खेल आयोजनों में नहीं होगा, हालांकि जो खिलाड़ी यह साबित करने में सफल रहेंगे कि वह डोपिंग में शामिल नहीं हैं वे तटस्थ झंडे तले खेलों में हिस्सा ले सकेंगे।

- 'बोगनविले द्वीप' पापुआ न्यू गिनी से अलग होकर एक अलग राष्ट्र बन जाएगा।

  पापुआ न्यू गिनी से आज़ादी हासिल करने के लिए हुए जनमत संग्रह में अलग देश के समर्थन में 98% (176,928) लोगों ने मतदान किया जबकि सिर्फ 2% लोगों ने पापुआ न्यू गिनी के साथ रहने के समर्थन में मत दिया।

  10 साल तक बोगेनविले और पापुआ न्यू गिनी के बीच चले खूनी गृह युद्ध के सन् 1998 में खत्म होने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से ऐसा जनमत संग्रह कराए जाने का फैसला लिया था।

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कानपुर में राष्ट्रीय गंगा परिषद की प्रथम बैठक की अध्यक्षता की।

- केंद्रीय पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा भारत और बांग्लादेश के बीच तटीय नौपरिवहन समझौते के अंतर्गत बांग्लादेश के मोंगला तथा चटगाँव बंदरगाह को 'पोर्ट्स ऑफ कॉल' (Ports of Call) घोषित किया गया है।

  पोर्ट्स ऑफ कॉल का आशय ऐसे बंदरगाह से है जिसका प्रयोग मालवाहक या यात्री जहाज़ द्वारा सामान और यात्रियों को उतारने तथा चढ़ाने के लिए किया जाता है।

- जलवायु परिवर्तन को लेकर आवाज उठाने वाली स्वीडन की 16 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग को टाइम पत्रिका का 'पर्सन ऑफ द ईयर 2019' घोषित किया गया।

- इजरायल के हर्जलिया साइंस सेंटर और शार हनेगेव हाईस्कूल के छात्रों ने मिलकर Duchifat-3 नामक उपग्रह बनाया है।

  महज 2.3 किलो वजन वाला यह सैटेलाइट एक एजुकेशनल सैटलाइट है जिस पर लगा कैमरा अर्थ इमेजिंग के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

हिन्दवंशी



Duchifat-3 उपग्रह को इसरो के श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण स्थल से लॉन्च किया जाएगा।

- लंदन में आयोजित मिस वर्ल्ड 2019 सौंदर्य प्रतियोगिता में जमैका की भारतीय मूल की टोनी एन सिंह ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता।

- जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा वार्षिक रूप से प्रकाशित 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2020' में भारत ने अपने रैंक में सुधार करते हुए 9वाँ स्थान हाशिल किया है।

  यह रैंकिंग चार श्रेणियों 'ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन', 'नवीकरणीय ऊर्जा', 'ऊर्जा उपयोग' तथा 'जलवायु नीति' के अंतर्गत 14 संकेतकों पर देशों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर जारी की गई है।

  इस सूचकांक में सबसे निम्न रैंकिंग वाले तीन देश संयुक्त राज्य अमेरिका (61), सऊदी अरब (60), तथा ताइवान (59) हैं।

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को फोर्ब्स की 100 शक्तिशाली महिलाओं की सूची में 34 वां स्थान मिला है।

  इस सूची में पहले स्थान पर जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल और दूसरे नंबर पर यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिश्टिन लागार्ड हैं।

- पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज़ मुशर्रफ़ को इस्लामाबाद की एक स्पेशल कोर्ट ने सज़ा-ए-मौत सुनाई है।

  परवेज़ मुशर्रफ़ को देशद्रोह के मामले में दोषी पाया गया है।

  परवेज़ मुशर्रफ को संविधान को निष्प्रभावी बनाने और पाकिस्तान में नवम्बर 2007 में संविधान के खिलाफ जाकर देश में आपातकाल लगाने के लिए अदालत ने दोषी करार दिया।

- ओडिशा सरकार ने अपनी महत्त्वाकांक्षी पहल 'JAGA' मिशन के लिए विश्व पर्यावास पुरस्कार (वर्ल्ड हैबिटेट अवार्ड) जीता है, जिसके तहत झुग्गियों में रहने वाले 52,682 शहरी गरीब परिवारों को 'भूमि अधिकार प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया है।

  यह पुरस्कार दुनिया भर से अभिनव, उत्कृष्ट और क्रांतिकारी आवासीय विचारों, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की पहचान स्वरूप प्रदान किया जाता है।

- हैदराबाद में रेप के आरोपियों के एन्काउंटर की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश बी एस सिरपुरकर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

हिन्दवी

- लेखक अमिताभ बागची को दक्षिण एशियाई साहित्य के लिए 2019 का डीएससी पुरस्कार प्रदान किया गया।

  बागची को यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'हाफ द नाइट इज गॉन' के लिए दिया गया है, जो तीन पीढ़ियों की कहानी बयां करती है, मानव संबंधों को तलाशती है और भारतीय परिप्रेक्ष्य में आस्था और संस्कृति को आपस में गुंथती है।

- हिंदी के प्रख्यात कवि नन्दकिशोर आचार्य को उनके कविता संग्रह 'छीलते हुए अपने को' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार-2019 दिए जाने की घोषणा की गई है जबकि शशि थरूर को ब्रिटिश काल पर लिखी गई 'An Era of Darkness' के लिए अंग्रेजी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार-2019 के लिए चुना गया है।

- भारत मार्च 2020 में 36वें अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस (IGC) की मेजबानी करेगा।

  नई दिल्ली में आयोजित होने वाली इस कांग्रेस की थीम 'भू-विज्ञान : समावेशी विकास के लिए मूलभूत विज्ञान' है।

  भू-विज्ञानों के ओलम्पिक के नाम से जाना जाने वाला यह प्रतिष्ठित वैश्विक भूवैज्ञानिक सम्मेलन चार वर्षों में एक बार आयोजित किया जाता है।

- पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज आबिद अली टेस्ट और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में पदार्पण पर शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

- बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के द्वारा 26वें एनुअल क्रिस्टल अवॉर्ड से नवाजा गया है।

  दीपिका को मेंटल हेल्थ अवेयरनेस को लेकर इस अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

- रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (DRDO) ने आर्टिलरी मिसाइल सिस्टम पिनाका मार्क-2 का सफल परीक्षण किया।

  DRDO की प्रयोगशालाओं में पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से विकसित यह सिस्टम महज 44 सेकंड में 12 रॉकेट दागने में सक्षम है।

  पिनाका मार्क-2 को नेवीगेशन, कंट्रोल और गाइडेंस सिस्टम से जोड़कर मिसाइल के तौर विकसित किया गया है।

- भारत में प्रत्येक वर्ष 22 दिसम्बर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की स्मृति में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है।

हिन्दवंशी

- ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय ने एक ऐसा रोबोट बनाया है जो 100 भाषाओं को समझ, बोल और अनुवाद कर सकता है।

  यह चेहरों को पहचान सकता है और फुटबॉल को किक भी मार सकता है।

  विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के द्वारा बनाए गए इस रोबोट का नाम 'सुरेना' रखा गया है।

- भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक सेतुरमण पंचनाथन को अमेरिका की नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF) का निदेशक बनाया गया है।

  अमेरिकी सरकार की संस्था 'नेशनल साइंस फाउंडेशन' विज्ञान और इंजीनियरिंग सहित सभी गैर-चिकित्सा क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य में मदद करती है।

- पुर्तगाल के प्रधानमंत्री अंतोनियो कोस्टा ने महात्मा गांधी के आदर्शों को शाश्वत बनाए रखने हेतु उनके विचारों और उद्धरणों से प्रेरित 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' आरंभ करने किये जाने की घोषणा की है।

  अंतोनियो कोस्टा के अनुसार 'गांधी नागरिकता शिक्षा पुरस्कार' सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित होगा।

- भारत की सिफारिश पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया है।

  अभी हर साल 15 दिसंबर को चाय उत्पादन करने वाले देशों में अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है।

- फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने बेल्जियम को लगातार दूसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल टीम के पुरस्कार से सम्मानित किया है।

- ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की कंजर्वेटिव पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव 2019 में बहुमत हासिल किया है।

  कंजरवेटिव्स ने ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स की कुल 650 सीटों में से 364 सीटें जीती हैं, जबकि जेरेमी कॉर्बिन की लेबर पार्टी ने 203 सीटें जीती हैं।

- क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनल के प्रस्ताव पर पर्यटन मंत्री मैनुएल मरेरो क्यूबा के प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए।

  मरेरो 43 वर्षों में पहली बार आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री का पदभार संभालने वाले प्रधानमंत्री बने हैं।

  प्रधानमंत्री का पद साल 1976 में तत्कालीन क्रांतिकारी नेता फिदेल कास्त्रो ने खत्म कर दिया था।

हिन्दवंशी



- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर को प्रति वर्ष किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

  चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री पद पर रहे थे।

  अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसानों की दशा सुधारने के लिए कई नीतियां बनाईं थीं।

- वैश्विक शरणार्थी मंच (Global Refugee Forum) की पहली बैठक का आयोजन स्विट्जरलैंड के जिनेवा में किया जाएगा।

- ओडिशा राज्य सरकार ने 'जलसाथी' कार्यक्रम का अनावरण किया।

  जलसाथी कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के सभी घरों में सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

- वेटलिफ्टर साइखोम मीराबाई चानू ने छठे कतर इंटरनैशनल कप में 49 किलोवर्ग में गोल्ड मेडल जीता।

- गुजरात जाइंटस ने पंजाब पैंथर्स को फाइनल में 4-3 से हराकर पहली बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग का खिताब जीता है।

- पश्चिमी अफ्रीका के आठ देशों ने अपनी कॉमन करेंसी का नाम बदलकर 'इको' करने का फैसला लिया है।

  पश्चिमी अफ्रीका के बेनिन, बुर्किना फासो, गिनी-बसाउ, आइवरी कोस्ट, माली, नाइजर, सेनेगल और टोगो ने इको करेंसी अपनाने का फैसला किया है।

- भारतीय महिला वेटलिफ्टर राखी हलदर ने कतर इंटरनेशनल कप में कांस्य पदक जीतने के साथ दो नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

  राखी हलदर ने स्नैच और कुल भार में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

  उन्होंने स्नैच में 95 किग्रा और क्लीन ऐंड जर्क में 123 किग्रा के साथ कुल 218 किग्रा का भार उठाकर यह रिकॉर्ड बनाया।

- अफगानिस्तान ने भारतीय औषधि कोष (द इंडियन फार्माकोपिया) को औपचारिक रूप से मान्यता प्रदान की है।

अफगानिस्तान भारतीय औषधि कोष (फार्माकोपिया) को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है।

भारतीय औषधि कोष मान्यता प्राप्त शब्दकोष है जो दवाओं की पहचान, शुद्धता और शक्ति की दृष्टि से दवाओं को बनाने और विपणन के मानकों की जानकारी देता है।

- फोर्ब्स इंडिया के द्वारा जारी 'सेलिब्रिटी 100 लिस्ट' के अनुसार सालाना कमाई के मामले में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली पहले नंबर पर हैं।

- एयरटेल इंडिया ने अपनी वाई-फाई सर्विस 'Airtel Wi-Fi Calling' लॉन्च की है।

  एयरटेल की इस वाई-फाई कॉलिंग के द्वारा यूजर्स फ्री में इंटरनेट के जरिए लोगों से फोन पर बात कर सकेंगे।

  वाई-फाई कॉलिंग को वॉयस ओवर वाई-फाई या VoWiFi भी कहा जाता है।

- भारत की युवा महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी ने वर्ल्ड रेपिड चैंपियनशिप 2019 का खिताब जीत लिया है जबकि पुरुषों में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने तीसरी बार इस खिताब पर कब्जा जमाया है।

- अफगानिस्तान में राष्ट्रपति पद के लिए हुए मतदान में अशरफ गनी प्रतिद्वंदी उम्मीदवार अब्दुल्ला अब्दुल्ला को हराकर दोबारा राष्ट्रपति बने हैं।

  चुनाव आयोग के मुताबिक चुनाव में गनी को 50.64 प्रतिशत वोट मिले हैं जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला को 39.52 मत मिले हैं।

- उपभोक्ता आदोलन के महत्व और प्रत्येक उपभोक्ता को उसके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से हर साल 24 दिसम्बर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

  24 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू हुआ था जिसके उपलक्ष्य में हर वर्ष 24 दिसम्बर को इसका आयोजन किया जाता है।

  इस वर्ष उपभोक्ता दिवस का विषय 'उपभोक्ता शिकायत और विवाद के समाधान की वैकल्पिक प्रणाली' है।

- पीएम नरेंद्र मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी की 95वीं जयंती के मौके पर दिल्ली में अटल भूजल योजना की शुरुआत की जिसके जरिए भूजल का प्रबंधन किया जाएगा और हर घर तक पीने के लिए स्वच्छ पानी पहुँचाया जाएगा।

  6,000 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में 50 फीसदी हिस्सेदारी भारत सरकार की होगी, जबकि आधा हिस्सा वर्ल्ड बैंक की ओर से खर्च किया जाएगा।

हिन्दवंशी

इसका लक्ष्य अत्यधिक भूजल के दोहन वाले सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में सामुदायिक हिस्सेदारी के साथ टिकाऊ भूजल प्रबंधन करना है।

- उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के फाजिलनगर खंड में ट्रांसजेंडरों के लिए भारत के पहले विश्विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

- भारतीय रेलवे ने कालका और शिमला के बीच एक नई ट्रेन हिम दर्शन एक्सप्रेस की शुरुआत की है।

- अपोलो हास्पिटल समूह की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी को देश के प्रमुख उद्योग मंडल फिक्की का अध्यक्ष चुना गया है।

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के चेबरोलु गाँव में दक्षिण भारत का अब तक का सबसे पुराना संस्कृत शिलालेख पाया गया है।

  इस शिलालेख से सप्तमातृका के बारे में जानकारी मिलती है।

  सप्तमातृका हिंदू धर्म में सात देवियों ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, चामुण्डा और इंद्राणी के समूह को कहते हैं।

- भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 (India State of Forest Report, 2019) जारी की गई है।

  रिपोर्ट के अनुसार मिजोरम (85.40%) सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाला राज्य तथा मध्यप्रदेश (77482 वर्ग किलोमीटर) सर्वाधिक वन क्षेत्रफल वाला राज्य है।

- संयुक्त राष्ट्र के द्वारा जारी 'डिकेड इन रिव्यू' रिपोर्ट में पाकिस्तानी शिक्षा कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध किशोरी घोषित किया है।

  2014 में मलाला को बच्चों के अधिकारों के प्रयास के लिए शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

- कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी सुशासन सूचकांक (Good Governance Index- GGI) के अनुसार बेहतर शासन-व्यवस्था के मामले में तमिलनाडु प्रथम जबकि महाराष्ट्र और कर्नाटक क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

- नीति आयोग ने सतत् विकास लक्ष्य भारत सूचकांक (Sustainable Development Goal India Index) के दूसरे संस्करण में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन पर रिपोर्ट जारी की है।

  नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2019 के सूचकांक में केरल का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा जबकि बिहार इस सूची में सबसे निचले स्थान पर रहा।

HindvanshiEducation.com